उत्तर प्रदेश शासन
वित्त (लेखा-परीक्षा) अनुभाग-2
संख्या-8/2017/आडिट-2-1205/दस-2017-370(6)/2017
लखनऊ :: दिनांक 25 अगस्त, 2017
कार्यालय-ज्ञाप

निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, इलाहाबाद के पत्र संख्या-अधि0/2017-18/क-**01**, दिनांक 30**-06-2017** द्वारा श्री प्रदीप कुमार पटेल, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी का स्थानान्तरण जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, कार्यालय, गोण्डा से सहायक निदेशक (कार्यक्रम अनुभाग) निदेशालय, इलाहाबाद किया गया था।

2- उपरोक्त के क्रम में शासन को सम्बोधित श्रीमती सुमित्रा देवी माता श्री प्रदीप कुमार पटेल का पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि श्रीमती सुमित्रा देवी गम्भीर रोगों से ग्रसित हैं और उनका इलाज गोरखपुर मेडिकल कालेज के चिकित्सक डा0 राम किशोर सिंह की देख-रेख में हो रहा है। श्री प्रदीप कुमार पटेल उनके इकलौते पुत्र हैं जिनके द्वारा श्रीमती सुमित्रादेवी की देख-भाल की जाती है और इस कारण श्री पटेल को लगातार गोरखपुर आना-जाना पड़ता है। श्री पटेल के अलावा श्रीमती सुमित्रा देवी की देख-भाल हेतु कोई अन्य सदस्य सक्षम नहीं है।

3- उपरोक्त वर्णित स्थिति के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त श्री प्रदीप कुमार पटेल, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी का सहायक निदेशक (कार्यक्रम अनुभाग) निदेशालय, इलाहाबाद के लिए किया गया स्थानान्तरण निरस्त करते हुए श्री प्रदीप कुमार पटेल, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी का स्थानान्तरण जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, कार्यालय, गोरखपुर में एतदद्वारा किया जाता है।

कुमुदलता श्रीवास्तव
विशेष सचिव।

संख्या-8/2017/आडिट-2-1205(1)/दस-2017, तददिनॉक
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-
1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद
2- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- कार्यालय, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, गोण्डा/गोरखपुर।
4- उप निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर/देवीपाटन मण्डल, गोण्डा।
5- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, इलाहाबाद/गोण्डा/गोरखपुर सम्बन्धित मण्डल/जनपद।
6- सम्बन्धित अधिकारी।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

उमा द्विवेदी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया हैइस पर हस्ताक्षर की :अत , आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in